**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 24.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौकी खांईपार थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 06 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौकी खांईपार थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम/भटके हुए 06 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 24.08.2026 को रवि शंकर पुत्र स्वर्गीय बंसीलाल निवासी खूटी चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा द्वारा चौकी खांईपार पर सूचना दी गई कि उनका 06 वर्षीय पुत्र रामलीला मैदान में घूमने गया था जहां से वह गुम हो गया है। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी खांईपार श्री रोशनलाल सरोज द्वारा तत्काल पुलिस टीम का गठन करते हुए बच्चे की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सक्रियता से खोजबीन की और अथक प्रयासों के बाद बच्चे का पता लगाकर उसे सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा बच्चे को वापस पाकर पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।